पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

पद की गरिमा और मर्यादा का सदैव ध्यान रखा - राज्यपाल

लखनऊः 28 जुलाई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने अपने एक बयान में कहा है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद श्री राम गोपाल यादव द्वारा 27 जुलाई, 2015 को दिया गया वक्तव्य राजनीतिक है। ऐसे वक्तव्य पर प्रतिक्रिया व्यक्त करना राज्यपाल के पद की गरिमा के अनुकूल नहीं है। 22 जुलाई, 2014 को उन्होंने राज्यपाल पद की शपथ ली थी कि 'मैं श्रद्धापूर्वक उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के कृत्यों का निर्वहन करूँगा तथा अपनी पूरी योग्यता से संविधान और विधि का परिरक्षण, संरक्षण और प्रतिरक्षण करूँगा और मैं उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा और कल्याण में निरत रहूँगा।'

श्री नाईक ने कहा है कि वे राज्यपाल पद की गरिमा और मर्यादा का सदैव पालन करते रहे हैं और करते रहेंगे।